भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3313
7 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओडिशा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना

3313. श्री रुद्र नारायण पाणीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की सरकार की नीति अभी भी प्रभावी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्तमान में कुल कितने जिलों में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल कार्यशील हैं;
(ग) क्या सरकार राज्य सरकारों द्वारा स्थापित मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को कोई प्रोत्साहन प्रदान करती है;
(घ) यदि हाँ, तो इसका राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेषकर ओडिशा के संबंध में ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या ओडिशा राज्य सरकार का ढेंकनाल में खुलने वाले मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को कोई विशेष पैकेज प्रदान करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय "मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना" हेतु एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है। इसके अंतर्गत ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों तथा आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहाँ कोई सरकारी अथवा निजी मेडिकल कॉलेज मौजूद नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच निधि साझाकरण का अनुपात पूर्वोत्तर एवं विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 तथा अन्य राज्यों के लिए 60:40 निर्धारित है। योजना के अंतर्गत परिकल्पित सभी 157 चिकित्सा महाविद्यालयों को तीन चरणों में स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिनमें ओडिशा में सात (07) चिकित्सा महाविद्यालय भी शामिल हैं, अर्थात् बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलांगीर, कोरापुट, पुरी (प्रथम चरण), जाजपुर (द्वितीय चरण) तथा कालाहांडी (तृतीय चरण)। इनमें से 139 चिकित्सा महाविद्यालय कार्यशील हो चुके हैं, जिनमें ओडिशा के स्वीकृत सभी सात चिकित्सा महाविद्यालय भी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, ढेंकानाल, ओडिशा में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसी) राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित परियोजना है।

******